दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 81 | छतरपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# साहब! भ्रष्टाचार के मामले में प्रदेश में अब्बल है छतरपुर जिला

## अन्नदाताओं की ब्याजमाफी पर डाका डाल रहे समिति प्रबंधक

**अजय सिंह परिहार**

छतरपुर। जिस तरह सरकार स्वच्छता अभियान का सर्वे कराकर नगरीय निकायों को ग्रेडिंग देती है उसी तरह अगर भ्रष्टाचार का सर्वे कराकर ग्रेडिंग दी जाये तो सहकारिता के मामले में छतरपुर जिला प्रदेश में टॉप पर हो सकता है। जहां देखो उसी सोसायटी में ब्याजमाफी योजना में समिति प्रबंधक अन्नदाताओं के हक को लूट रहे हैं। पहले ईशानगर क्षेत्र की कुछ सोसायटियों के खिलाफ एफआईआरदर्ज कराई जा चुकी है वहीं बिजावर सहकारी बैंक के प्रबंधक सहित दो समिति प्रबंधक निलंबित किये जा चुके हैं लेकिन सोसायटियों में हो हुये भ्रष्टाचार की खुल रही परते बंद होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। अब सेवा सहकारी समिति नयाताल में भी ब्याजमाफी योजना में लाखों का गोलमाल उजागर हुआ है। अब देखना यह है कि इस मामले में कब तक समिति प्रबंधक पर कार्रवाई की गाज गिरती है।

### क्या है मामला

मिली जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति नयाताल में जहां अनवर खां समिति प्रबंधक है वहां शासन द्वारा ब्याजमाफी योजना के तहत 79 लाख 85 हजार 239.34 राशि बोगस ब्याजमाफी के तहत 136 किसानों के लिये दी गयी थी। दिनांक 20 जून 23 को शाखा प्रबंधक की मिलीभगत से समिति प्रबंधक अनवर खां ने ब्याजमाफी की राशि 8 लाख 79 हजार 202.56 रूपये कृषकों के डीएमआईआर खाता में जमा कर नगद आहरण कर लिये इसी प्रकार दिनांक 9 नवम्बर 23 को 50 लाख रूपये ब्याजमाफी के बचत खाता नम्बर 1520002463707 में जमा किये। इसी प्रकार 23.11.23 को ब्याजमाफी के बचत खाता में 8 लाख एवं चालू खाता क्रमांक 652012061517 में रूपये 8 लाख 91 हजार 56 रूपये जमा कर खाते से नगद आहरण कर हड़प लिये गये। इस प्रकार नयाताल सोसायटी में लाखों रूपये का गोलमाल किया गया है जिसकी अगर जांच कराई जाये तो समिति प्रबंधक को जेल जाने से कोई रोक नहीं सकता।

### कब सलाखों के पीछे जायेंगे भ्रष्टाचारी

प्रदेश में किसानों के लिये सरकार द्वारा अनेक योजनायें चलायी जा रही हैं लेकिन अनवर खां जैसे समिति प्रबंधक किसानों का हक लूटकर मालामाल हो रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर यह भ्रष्टाचारी कब तक सलाखों के पीछे जायेंगे या इन्हें इसी तरह मौज करने की छूट रहेगी।

### इनका कहना है

छतरपुर जिले में सहकारिता विभाग की शिकायतें ज्यादा मिल रही हैं। मैं शीघ्र ही छतरपुर आकर इन शिकायतों की समीक्षा करूंगा तथा दोषी पाये जाने पर कार्रवाई करवाऊंगा।

*प्रभारी मंत्री, छतरपुर*

साहब अभी मीटिंग में व्यस्त हैं। आप मुझे जानकारी भिजवाईये मैं उसे उनके पास पहुंचा दूंगा।

*शिवम राठौर, निज सहायक, नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश विधानसभा भोपाल*

# परीक्षाओं को लेकर कब तक बदनामी झेलती रहेगी भाजपा सरकार




**सत्तार खान**

चंदला। चाहे प्रतियोगी परीक्षायें हो या फिर छात्रों की परीक्षायें हर मामले में लापरवाही का खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ता है तथा लापरवाही करने वाले मौज मस्ती करते रहते हैं। शासकीय उ.मा.विद्यालय नाहरपुर में प्राचार्य द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर परीक्षायें करवाई गई थी जिसमें शासन एवं प्रशासन की भारी छिछालेदर हुई थी लेकिन अफसोस है कि परीक्षा जैसे गोपनीय कार्य में लापरवाही करने वाले प्राचार्य के खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं हुई जिस पर लोगों ने आश्चर्य व्यक्त करते हुये शासन एवं प्रशासन की मंशा पर सवाल उठाये हैं।

### क्या था मामला

सूत्रों ने बताया कि हायर सेकेंडरी स्कूल नाहरपुर में एक पेपर देकर दो दो परीक्षार्थियों को साथ में बैठाकर परीक्षा दिलायी गयी थी साथ ही परीक्षार्थियों को निर्धारित दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया था। छात्रों को 9 बजे परीक्षा के लिये बुलाया गया था और 5 घंटे बाद 2 बजे छोड़ा गया। इस लापरवाही को मीडिया ने जमकर उछाला था तथा वीडियो भी वायरल हुये थे लेकिन प्राचार्य सुनैना पटेल की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। वे आज भी प्राचार्य के पद पर डटी हुई हैं और शिक्षा विभाग को कलंकित कर रही हैं। लोगों का कहना है कि अगर इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आगे भी वे परीक्षा जैसे कार्य में लापरवाही कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर सकती हैं।

### इनका कहना है

उच्चतर मा.विद्यालय नाहरपुर की प्राचार्य को बदल दिया गया है तथा उनके खिलाफ मिली शिकायतों की जांच कराई जा रही है। जांच में दोषी पाये जाने पर कार्रवाई होगी।

*आरपी प्रजापति, जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर*

# डीआईजी ललित शाक्यवार एवं एसपी अगम जैन द्वारा पुलिस लाइन में संचालित दिशा स्टूडेंट लर्निंग सेंटर कक्ष क्रमांक 2 का किया शुभारंभ



छतरपुर। पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में माह सितंबर वर्ष 2023 को पुलिस लाइन परिसर छतरपुर में पुलिस परिवार के बच्चों हेतु आवश्यक आधुनिक सुविधाओं सहित दिशा स्टूडेंट लर्निंग सेंटर की शुरुआत की गई थी। समय-समय पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा दिशा स्टूडेंट लर्निंग सेंटर का निरीक्षण कर अध्यनरत विद्यार्थियों हेतु अनुकूल वातावरण, आवश्यकता अनुसार पाठ्य पुस्तकों, कंप्यूटर सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे एवं इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों की व्यवस्था भी की गई थी। दिशा स्टूडेंट लर्निंग सेंटर पुलिस लाइन छतरपुर ...शेष पृष्ठ 16 पर

# जीणमाता मंदिर की पालकी यात्रा निकली, हज़ारों श्रद्धालुओं ने पाया भोजन प्रसाद



परिहार गर्जना न्यूज। इन्दौर। माताजी के आकर्षक श्रृंगार के साथ प्रतिवर्षानुसार जीणमाता मन्दिर से निकलने वाली पालकी यात्रा इस वर्ष भी मन्दिर से निकलकर पाटनीपुरा, नंदानगर, एमआईजी व अटल द्वार होते हुए मंदिर पधारी। जीणमाता मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुजनसिंह शेखावत ने बताया कि यह पालकी यात्रा विगत 28 वर्षो से निरन्तर निकल रही है। इस बार यात्रा में राम दरबार बैंड और राजकपूर बैण्ड दल ने पालकी के आगे गरबा चलाया जिस पर हजारों महिला-पुरुषों द्वारा गरबा किया। शोभायात्रा में घोड़े-बग्घी आकर्षण का केन्द्र रहते है। पालकी यात्रा के पश्चात भोजन महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा का आयोजन श्री जीण माता चैरिटेबल ट्रस्ट एवं जीण सेना एवं सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से किया जाता है।

# श्री वृहत महाकाली काली धाम महोत्सव समिति जताया आभार



परिहार गर्जना न्यूज। जबलपुर। श्री वृहत महाकाली काली धाम महोत्सव समिति गढ़ाफाटक ने नवरात्रि के 9 दिन एवं दशहरा जुलूस के दौरान दिए गए सहयोग में आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पुलिस प्रशासन , विद्युत विभाग, जनप्रतिनिधि, प्रशासनीय अधिकारी , शासकीय अधिकारी,नगर निगम एवं क्षेत्र के व्यापारी वर्ग ने भी समिति के सभी पदाधिकारी ,कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं के प्रति दिए गए अमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है वही सोशल मीडिया का भी विशेष सहयोग रहा जिन्होंने देश के बाहर तक लोगों को घर बैठे माता महाकाली के दर्शन करवाए साथ ही बढ़ते भीड़ को देखते हुए समिति द्वारा श्रद्धालुओं को जो असुविधा हुई है उसके लिए समिति दिल से क्षमा प्रार्थी है।

# मां आल्हम देवी स्थल को पर्यटन स्थल में किया जाए शामिल बाबा भारती

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। जनपद पंचायत अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ठकुर्रा में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां अल्हम देवी मंदिर को पर्यटन स्थल में शामिल करने हेतु मंगलवार को आयोजित जन सुनवाई में गौरिहार जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष छोटेलाल पाल उर्फ बाबा भारती ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज0पं0गौरिहार को आवेदन दिया है।उन्होंने मां अल्हम देवी मंदिर को पर्यटन स्थल में शामिल करने की मांग की करते हुए अपने मांग पत्र में बताया कि दिनाक 28/08/2021 को पत्र क्र. 2087/ पंच. प्रको./2021में पर्यटन स्थल कि अनुशंसा सहित तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ को पत्र भेजा गया था।लेकिन आज दिनाक तक मंदिर को पर्यटन स्थल में शामिल नहीं किया गया है। मां अल्हम देवी मंदिर को पर्यटन स्थल में शामिल करने हेतु तत्कालीन विधायक के द्वारा भी दिनांक 08/12/2022 को पत्र क्र.595/2022 तत्कालीन पर्यटन मंत्री मध्यप्रदेश शासन को पत्र के माध्यम से मांग कर मां अल्हम देवी मंदिर को पर्यटन स्थल में शामिल करने हेतु प्रयास किया गया था। लेकिन आज तक इस मांग पर कोई विचार नहीं किया गया! जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष ने मंगलवार को जनसुनवाई में पुन: स्मरण पत्र के माध्यम से स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एसडीएम, तहसीलदार व जनपद सीईओ से माँ आल्हम देवी जर मंदिर को पर्यटक स्थल ने शामिल करने की पुन: मांग की है।



# डॉक्टर की लापरवाही पड़ रही मूक पशुओं पर भारी, इलाज के अभाव में काल के गाल में समा रहे मूक पशु





**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा- बक्सवाहा मुख्यालय पर स्थित सरकारी पशु चिकित्सालय में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। मवेशियों के इलाज के लिए पशुपालकों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। शनिवार को सामने आए एक मामले में, गौ पालक राकेश लोधी और विशाल ने बताया कि वे लगातार चार दिनों से पशु चिकित्सालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन वहां डॉक्टर और स्टाफ की अनुपस्थिति के कारण उन्हें अपने गौवंश का इलाज घर पर ही करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

बक्सवाहा विकासखंड में एक मुख्य पशु चिकित्सालय और चार उप स्वास्थ्य केंद्र हैं, लेकिन डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की गैरहाजिरी के कारण मूक पशुओं को गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय पशुपालकों का कहना है कि जब भी वे अपने मवेशियों को इलाज के लिए लाते हैं, तो चिकित्सालय में डॉक्टर मौजूद नहीं होते। ऐसे में केवल कंपाउंडर के माध्यम से ही इलाज किया जाता है, जिसमें उपयोग की जाने वाली दवाइयाँ और अन्य सामग्री उन्हें बाजार से खरीदनी पड़ती हैं।

सोमवार को एक गाय के बीमार होने की सूचना मिली। नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा उसे पशु चिकित्सालय ले जाया गया, लेकिन वहां उसे बिना चारे और पानी के छोड़ दिया गया। अब वह गाय मरणासन्न स्थिति में पहुंच चुकी है, क्योंकि उसे केवल दवाएं दी गई हैं, जबकि उचित देखभाल की कोई व्यवस्था नहीं की गई। यह घटना अस्पताल की लापरवाही को और उजागर करती है। बक्सवाहा में कई मवेशी गंभीर बीमारियों का सामना कर रहे हैं, जिनमें से दो दम तोड़ने के कगार पर हैं। यह स्थिति न केवल पशुओं के लिए चिंताजनक है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। किसानों का कहना है कि मवेशियों की बीमारियों का सीधे तौर पर उनके आजीविका पर असर पड़ता है।

इस गंभीर मुद्दे पर तहसीलदार भरत पांडे ने कहा, मुझे मामले की जानकारी मिली है। सामुदायिक पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टरों और स्टाफ को नोटिस जारी किया जाएगा और उनसे जवाब मांगा जाएगा। हम इस मामले को गंभीरता से लेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मामले की जांच की जाएगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगो का कहना है कि कुछ गैर जिम्मेदार लोग सरकारी दवाओं का दुरुपयोग कर मोटी रकम कमा रहे हैं, जिससे अस्पताल की स्थिति और बिगड़ गई है। प्रशासन की सक्रियता की उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही उचित चिकित्सा उपलब्ध हो सकेगी और पशुपालकों की समस्याओं का समाधान किया जा सकेगा। अगर स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो मूक पशुओं के लिए यह चिंता का विषय बना रहेगा।

# रोजगार सहायक संघ ने दिया ज्ञापन, समस्याओं के समाधान की मांग

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा, जिला छतरपुर- ग्राम रोजगार सहायक (सहायक सचिव) संघ ने हाल ही में मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। संघ का कहना है कि उनकी वेतन हर महीने के पहले सप्ताह में मिलनी चाहिए, लेकिन अक्सर उन्हें दो-दो महीने तक वेतन नहीं मिल रहा, जो मानव अधिकारों का उल्लंघन है।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कई बार बिना किसी कारण के उनके वेतन में कटौती की जाती है। इसके अलावा, संघ ने अवकाश के दिनों, जैसे शनिवार और रविवार, में काम करने के आदेशों को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की है, जो उनके पारिवारिक जीवन में बाधा डालते हैं। संघ ने यह भी शिकायत की है कि फील्ड में कार्य करते समय उन्हें नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित नहीं माना जाता। हाल ही में कार्यालय में उपस्थित होने पर वेतन काटने के आदेश के खिलाफ भी संघ ने आवाज उठाई है।

इसके अलावा, संघ ने नए तकनीकी उपकरणों की मांग की है, क्योंकि वर्तमान में उनके पास कार्य करने के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं। आयुष्मान कार्डों के भुगतान के संबंध में भी प्रशासन से मदद की अपील की गई है। ज्ञापन सौंपने के लिए जब सहायक सचिव संघ के प्रतिनिधि जनपद प्रांगण पहुंचे, तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी भागीरथ तिवारी ने ज्ञापन लेने से मना कर दिया, यह कहते हुए कि उन्हें पहले से सूचना नहीं दी गई थी। कुछ समय बाद, उन्होंने कार्यालय में जाकर ज्ञापन पढ़ने की बात कही।

जब सहायक सचिव संघ के सदस्य गेट के पास धरना देकर नारेबाजी करने लगे, तब श्री तिवारी बाहर आए और ज्ञापन लिया। ज्ञापन पढ़ने के बाद, उन्होंने मौके पर ही समस्याओं का मौखिक जवाब देने की कोशिश की। लेकिन संघ के पदाधिकारियों ने इस जवाब को पर्याप्त नहीं मानते हुए प्रशासन की अनदेखी के प्रति नाराजगी व्यक्त की। संघ ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार करेगा और शीघ्र समाधान प्रदान करेगा। उनका मानना है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो इससे न केवल उनके कामकाजी माहौल पर असर पड़ेगा, बल्कि ग्रामीण रोजगार योजनाओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संघ ने यह भी कहा कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे आगे की कार्रवाई करने के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन उनकी मांगों पर कितनी शीघ्रता से कार्रवाई करता है।

# जनसुनवाई के समय पर कोई भी बैठक आयोजित न हो

## सभी जिलाधिकारी जनसुनवाई में रहे मौजूद - कलेक्टर संदीप जी. आर.

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। जनसुनवाई के दिन एवं जनसुनवाई के समय पर कोई भी वरिष्ठ अधिकारी अपने विभाग की विभागीय बैठक आयोजित न करें। सभी संभागीय जिलाधिकारी जनसुनवाई में समय पर जनसुनवाई स्थल पर मौजूद रहे। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री संदीप जी. आर. ने दिए।

कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि जनसुनवाई में सभी विभाग के अधिकारी समय पर मौजूद रहे एवं जनसुनवाई में आने वाले व्यक्तियों की समस्याओं का निराकरण जनसुनवाई के दिन ही करें, जिससे कि व्यक्ति संतुष्टि हो और अपनी समस्या का निराकरण करा कर ही वापस लौटे।



कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि देखने में आता है कि अनेक विभागों के द्वारा संभागीय अधिकारियों की बैठकों में शामिल होने के कारण जनसुनवाई में उपस्थित नहीं होते हैं जिससे कि जिले से आने वाले व्यक्तियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी जनसुनवाई के दिन जनसुनवाई स्थल पर उपस्थित रहे।

# निगमायुक्त ने टाटा, सीवर प्रोजेक्ट एवं नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली

## कार्य के दौरान खोदी गई सड़कों के रीस्टोरेशन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने व गंदगी फैलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने टाटा, सीवर प्रोजेक्ट,रेमकी,सी एंड डी वेस्ट एवं नगर निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने टाटा एवं सीवर प्रोजेक्ट के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन- जिन स्थानों पर कार्य के दौरान सड़कों को खोदा गया है तथा सड़क के रीस्टोरेशन काम किया जाना है उसकी सूची प्रस्तुत कर वहां पर रीस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारी नगर निगम के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करे,जिन स्थानों पर पानी व्यर्थ बह रहा है उसे तत्काल बंद करें ।

निगमायुक्त ने सी एंड डी वेस्ट के ठेकेदार को निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में जोन प्रभारी व सफाई दरोगाओं के साथ निरीक्षण करें तथा वार्ड के पार्षदों से संपर्क स्थापित करें तथा रेमकी से समन्वय बनाकर सी एंड डी वेस्ट %तोड़े गए भवनों की सामग्री% की सूचना मिलने पर तत्काल उसे एकत्रित करें। सभी जोन प्रभारी अपने-अपने वार्ड में रोड एवं डिवाइडर के किनारे की सफाई रोड स्वीपिंग मशीन से करवाएं। निगमायुक्त ने स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत को निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड मे गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करें,जिन स्थानों पर कचरा एकत्रित होता है वहां की सफाई कराएं तथा लोगों को अपने घर के आसपास सफाई रखने के लिए जागरूक करें ।वाहन प्रभारी सभी वाहनों को ठीक रखें जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो ।निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि आवश्यक कार्यों को पूर्ण कराया जा सके।

# जनता का आदेश मेरे लिए सर्वोपरि है, और बीना के विकास की रफ्तार अब शताब्दी से भी तेज दौड़ेगी-विधायक निर्मला सप्रे

## ग्राम भानगढ़ में जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/भानगढ़ पंचायत में बीना विधायक निर्मला सप्रे की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया और आसपास के गांवों से आए लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया। विधायक निर्मला सप्रे ने कहा, 卐जनता का आदेश मेरे लिए सर्वोपरि है, और बीना के विकास की रफ्तार अब शताब्दी से भी तेज दौड़ेगी। इसके साथ ही, 25 लाख की लागत से बनने वाले नवीन पंचायत भवन का भूमिपूजन भी विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोंठिया, जनपद अध्यक्ष उषा राय, सरपंच राजेश पटेल, छमादार पटेल, मुकेश पटेल सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। विधायक की इस पहल से जनसुनवाई और भूमिपूजन का यह कार्यक्रम स्थानीय समुदाय के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिसमें जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया गया और क्षेत्र में विकास की एक नई दिशा तय की गई।



# गुंजौरा ग्राम में शस्त्र पूजन के साथ निकला पथ संचलन

परिहार गर्जना न्यूज। गढाकोटा। राष्ट्रिय स्वय सेवक संघ का 100वर्ष प्रारंभ हो चुके हैं।



अत: संघ की शाखाये भी मंडल ग्राम स्तर पर लग रहीं हैं ।इसी क्रम में गुंजौरा मंडल उपखंड का शस्त्र पूजन के साथ गुंजौरा ग्राम में पथसंचलन निकाला गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता श्री चंद्रभान जी पटेल विभाग सद्भावना प्रमुख जी का उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उधवोदन मैं शक्तिसपन्न समाज सामाजिक समरसता कुटुंब प्रवोधन पर्यावरण नागरिक बोध आदि विषयों पर समाज परिवर्तन पर जोर डाला विजयदशमी उत्सव मैं जिला खंड उपखंड मंडल स्तर के अधिकारी और उपखंड के सभी मंडलों के स्वय सेवक उपस्थित थे।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट के एवज में राशि मांगने के मामले में डॉ दीपक दुबे को किया गया निलंबित

## संभाग आयुक्त डॉ रावत ने दिया आदेश

परिहार गर्जना न्यूज। सागर 14 अक्टूबर। संभाग आयुक्त डॉ वीरेंद्र सिंह रावत ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट की आवाज में राशि मांगने के मामले में डॉक्टर दीपक दुबे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की असली को निलंबित किया। गौरतलब है कि विगत दिवस थाना केसली के अंतर्गत किस लिए स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर दीपक दुबे के द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट की आवाज में धनराशि मांगने के मामले में कलेक्टर कलेक्टर श्री संदीप जी आर द्वारा नोटशीट के माध्यम से प्रस्ताव प्रेषित कर लेख किया गया था कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष महोदय श्री देवेन्द्र सिंह ठाकुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केसली जिला सागर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दीपक दुबे के द्वारा सर्प के काटने से मृतक स्व0 श्री धनसींग यादव उम्र 70 वर्ष के पोते श्री रोहित यादव से पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने के एवज में मृतक के परिजनो को मिलने वाली सहायता राशि 4 लाख रू0 की 10 प्रतिशत राशि की मांग की गई एवं राशि न देने की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर्प के काटने से मृत्यु का उल्लेख न कर नार्मल रिपोर्ट थाना में भेजने को कहा गया।

राशि न देने के कारण डॉ0 दुबे द्वारा मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर्प काटने से मृत्यु होना नहीं लिखा गया। नार्मल मृत्यु की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उक्त संबंध में संबंधित मृतक के पोते रोहित यादव के द्वारा पुलिस थाना केसली में डॉ0 दुबे के विरुद्ध एफ. आई.आर. भी दर्ज कराई गई है। कलेक्टर श्री संदीप जी आर से प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं परिशीलन उपरांत प्रथम दृष्ट्या डॉ0 दीपक दुबे चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केसली जिला सागर दोषी प्रतीत हो रहे है। डॉ0 दुबे द्वारा किया गया उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के प्रति अनुशासनहीनता व स्वेच्छाचारिता का द्योतक होकर म0प्र0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन है ।डॉ0 दीपक दुबे चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केसली जिला सागर को म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया ।

# अवैध शराब के परिवहन पर 2 वाहन राजसात

परिहार गर्जना न्यूज। सागर 15 अक्टूबर। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर अवैध शराब के परिवहन करने पर 2 वाहनों पर राजसात की कार्रवाई की।

उक्त हेतु जारी आदेशानुसार 12 मई 2023 को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना खुरई ग्रामीण अंतर्गत ग्राम सुमरेरी चौराहे के पास चेकिंग के दौरान एक वाहन टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल जिसका वाहन नंबर एमपी 15 एमडब्ल्यू 2362, चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल से लगभग 30 हजार रुपए की 60 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। इसी प्रकार 24 मई 2023 को थाना बांदरी अंतर्गत ग्राम रजवांस के पास फोरलेन के पास चेकिंग के दौरान वाहन मारुति ईको कार वाहन नंबर एमपी 15 सीए 3406 से लगभग 32 हजार रुपए की लगभग 57 लीटर देशी मसाला शराब पाई गई थी।

वाहन में अवैध शराब का परिवहन पाये जाने पर शराब व वाहन की विधिवत जब्ती की कार्यवाही की गई थी। आबकारी अधिनियम के प्रावधान अंतर्गत वाहन एवं जप्त शराब को राजसात किये जाने की कार्रवाई की गई है।जिला दण्डाधिकारी ने थाना प्रभारी बांदरी एवं खुरई ग्रामीण को आदेशित किया है कि जब्तशुदा वाहन को जिला नाजिर को सौंपे। प्रभारी अधिकारी जिला नजारत को आदेशित किया गया है कि वे वाहन को प्राप्त कर नियमानुसार आम नीलामी द्वारा विक्रय कर प्राप्त राशि को शासकीय कोष में जमा करें।

# रानीगंज तालाब में अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का मिला शव, फैली सनसनी

## शिनाख्त करने में जुटी पुलिस, बैग में मिला पुराना सामान



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के रानीगंज गांव के पास तालाब में मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तालाब से शव बाहर निकालने के लिए एसडीआरएफ को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा है। साथ ही उसकी पहचान के लिए आसपास के थानों में फ ोटो भेजे गए हैं। दिगौड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि आज रानीगंज गांव के पठार मौजा के पास तालाब में शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर टीम रवाना की गई। व्यक्ति का शव तालाब में काफ ी अंदर गहराई में पड़ा था। शव निकालने के लिए एसडीआरएफ को मौके पर बुलाया गया। टीम ने नाव की मदद से शव को बाहर निकाला।

***शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस-***

उन्होंने बताया कि शव तीन से चार दिन पुराना नजर आ रहा है। बुरी तरह खराब हो चुके शव की ग्रामीणों से शिनाख्त कराई गई, लेकिन किसी ने उसकी पहचान नहीं की है। उन्होंने बताया कि तालाब के पास एक बैग पड़ा मिला। जिसमें काफ ी सामान मिला है। फि लहाल पंचनामा बनाकर शव पीएम के लिए भेजा है। मृतक की शिनाख्त के लिए फ ोटो आसपास के थानों में भेजे गए हैं। फि लहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

***बैग में मिला कई तरह का सामान***

थाना प्रभारी ने बताया कि तालाब के पास एक बिना चैन का तार से बंधा हुआ काला बैग मिला। जिसमें तीन जोड़ी टूटे फ टे चप्पल, जूते, नीला लोवर, फ्यूज बल्ब, कंघी, मोटर साइकिल का शीशा, एक चश्मा, एक टोपी, 2 मास्क, 4 रुमाल, गुरु जी तंबाकू, चूना ट्यूब, एक प्लास, एक फ टा गमछा, एक पुरानी काले सफेद चौकड़ी की शर्ट, 100, 200, 20 के 6 नकली नोट सहित अन्य सामान है। मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष है।

# शराब कंपनी कर्मचारी से हुई तीन लाख रुपए की लूट, बंदूक छीनीं

## रात 1:30 कटेरा के पास हुई वारदात, बोलेरो वाहन की हुई तोडफ़ोड़

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। इन दिनों आबकारी ठेकेदार और उनके कर्मचारियों के साथ होने वाली घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक के बाद एक बढ़ती घटनाओं से कर्मचारियों में भी भय का माहौल बनने लगा है। कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों ने पुलिस की परेशानियां बढ़ा दी है। बीती रात हुई लूट की वारदात के मामले में अब तक पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। बताया गया है कि शहर के देहात थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात शराब कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट और रुपए छीनने का मामला सामने आया है। रात करीब 1=30 बजे शराब कंपनी के कर्मचारियों ने देहात थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। शराब कंपनी के कर्मचारी राहुल सेन ने बताया कि सोमवार रात बल्देवगढ़ शराब दुकान से 3 लाख रुपए कैश लेकर कंपनी के दफ्तर में जमा करने जा रहे थे। रास्ते में कटेरा गांव के पास कुछ लोगों ने रास्ता रोका और बोलेरो वाहन में तोडफ़ोड़ कर मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मनोहर लोधी और परम लोधी ने अपने साथियों के साथ घटना को अंजाम दिया। साथ ही 3 लाख रुपए कैश और 315 बोर लाइसेंसी बंदूक छीनकर ले गए। घटना में शराब कंपनी के तीन लोगों को चोट आई हैं। देर रात उन्होंने देहात थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। देहात थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। ज्ञात हो कि कुछ ही दिन पहले भी शराब ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना घटित हुई थी।



***मजना चौकी के पास फेंक गए लाइसेंसी बंदूक-***

शराब कंपनी के मैनेजर रवि महाराज ने बताया कि देर रात पता चला कि मारपीट करने वाले लोग मजना पुलिस चौकी के पास लाइसेंसी बंदूक फेंककर भाग गए। पुलिस ने बंदूक मिलने की जानकारी दी है। पुलिस ने अब तक एफ आईआर दर्ज नहीं की है। उन्होंने बताया कि घटना में तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

# ट्रेन से गिरी बच्ची जिंदा पाकर मां की खुशी का नहीं रहा ठिकाना

टीकमगढ़। जाको राखे साईंयां मार सके न कोए...। यह कहावत उस समय चरितार्थ हुई, जब ट्रेन से गिरी आठ साल की बच्ची मां को सलामत मिली। बच्ची को जिंदा पाकर मां की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बताया गया है कि खजुराहो-कुरुक्षेत्र ट्रेन की इमरजेंसी विंडो से 8 वर्षीय बच्ची बाहर गिर गई। टीकमगढ़ से वृंदावन जा रही गीता जयंती ट्रेन से नीचे गिरी तो मां की जान हलक में आ गई। घटना 11 अक्टूबर की रात की है। ललितपुर स्टेशन पहुंचकर मां ने महिला हेल्प डेस्क को सूचना दी। जीआरपी ने आरपीएफ की मदद से 16 किमी रेलवे ट्रैक को चार हिस्सों में बांटकर सर्च ऑपरेशन चलाया। एक घंटे कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची घायल अवस्था में झाडियों में मिली। बेटी को सामने देखकर मां की जान में जान आ गई। जानकारी के अनुसार महिला यात्री रेखा तिवारी पत्नी अरविंद तिवारी मूल निवासी मऊ चुंगी टीकमगढ़ हाल निवासी ब्रम्ह कुंड थाना वृंदावन जिला मथुरा 11 अक्टूबर की रात खजुराहो-कुरुक्षेत्र गीता जयंती एक्सप्रेस से वृंदावन जा रही थीं। विरारी से ललितपुर के बीच ट्रेन में अचानक जर्क लगने के कारण गौरी इमरजेंसी विंडो से बाहर गिर गई। हादसे के बाद कोच में चीख-पुकार मच गई। ट्रेन जैसे ही ललितपुर पहुंचकर रेलवे स्टेशन पर रुकी, रेखा ने महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचकर घटना की सूचना दी। देखने वालों के मुंह से आखिर निकल ही पड़ा कि जाको राखे साईंयां मार सके न कोए...।

# बीजेपी सदस्यता अभियान में रोजगार सहायक की भागीदारी से कांग्रेस खफा

## टी-शर्ट का प्रलोभन देकर सदस्यत बनाने का वीडियो हुआ वायरल

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले में भाजपा की ओर से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में शासकीय कर्मचारी द्वारा सदस्यता अभियान का कार्य करते हुए टी-शर्ट बांटने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि आज मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रोजगार सहायक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को टी शर्ट का लालच देकर सदस्य बनाने में जुटे रहे। कांग्रेस ने इस पर आपत्ति जताते हुए रोजगार सहायक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा का कहना है कि गांव के भोले भाले लोगों को टी-शर्ट का लालच देकर जबरन सदस्य बनाया जा रहा है। टीकमगढ़ में चल रहे भाजपा के सदस्यता अभियान में लोगों को लालच देकर सदस्य बनाने का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता लोगों को टी-शर्ट बांटकर लोगों को सदस्य बनाते साफ तौर पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में बम्होरी नकीबन गांव में पदस्थ रोजगार सहायक विजय यादव टी-शर्ट गिनते हुए दिखाई दे रहा है। रोजगार सहायक विजय यादव टी-शर्ट गिनते वीडियो में नजर रहे हैं, जिस पर कांग्रेस ने नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस दौरान जब लोगों ने ओटीपी पूंछे जाने को लेकर सवाल किए तो रोजगार सहायक विजय यादव लोगों से भाजपा का सदस्य बनाने की बात कहता नजर आ रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो रविवार का बताया गया है। इस मामले में जब भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र नापित से बात की तो उन्होंने पूरे मामले से खुद को अनभिज्ञ बताया। जबकि वे वीडियो में रोजगार सहायक के बगल में बैठे दिखाई दे रहे हैं। वहीं इस मामले में बम्होरी नकीबन के रोजगार सहायक विजय यादव को फ ोन लगाया तो उनके भाई ने फ ोन उठाया और विजय के बीमार होने की बात कही।



***जिले में ऑनलाइन बने1.50 लाख सदस्य-***

भाजपा कार्यकर्ता इन दिनों जिले भर में सदस्य बनाने में जुटे हैं। सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी आशुतोष भट्ट ने बताया कि जिले में अब तक 1.50 लाख सदस्य केवल ऑनलाइन बन चुके हैं। जबकि ऑफ लाइन का डाटा अब तक आया नहीं है। सदस्य बनाने के लिए लालच देने के वीडियो के मामले में उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है।

***अधिकारी ने दिए जांच के निर्देश-***

इस मामले में जिला पंचायत सीईओ नवीत धुर्वे का कहना है कि किसी भी पार्टी के सदस्यता अभियान से सरकारी कर्मचारी को क्या लेना देना। अगर बम्होरी नकीबन के रोजगार सहायक किसी सदस्यता अभियान में शामिल होकर काम कर रहे हैं, तो मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। जांच के पश्चात ही कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल वाहन से कुचलने से हुई दो वर्षिय बालिका की मौत, छाया मातम

परिहार गर्जना न्यूज। दिगौड़ा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रतनगुवां में बीते रोज दोपहर करीब 3 बजे एक स्कूल वाहन के नीचे दो साल की बच्ची आ गई। सडक़ हादसे में बालिका की मौत पर गांव में मातम पसर गया। बताया गया है कि चालक ने वाहन को आगे बड़ा दिया और बच्ची वाहन के नीचे दब गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना को लेकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक बच्ची अपनी मां के साथ अपने मामा के यहां ग्राम रतनगुवां में आई थी। पीड़ित परिवार ने पुलिस थाना में घटना की रिपोर्ट की गई। पुलिस ने स्कूल वाहन को जप्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मृतक बच्ची के नाना छत्रपाल सिंह गौर निवासी रतनगुवां ने बताया है कि करीब 5 दिन पहले मेरी पुत्री शबनम सिंह अपनी ससुराल लबेरा थाना एरच (उप्र) से अपनी दो साल की बच्ची मन्नत सिंह के साथ रतनगुवां आई थी। आज दोपहर करीब 3 बजे बच्ची घर के बाहर चबूतरे पर खेल रही थी। उसी समय ग्राम बम्होरी के एक स्कूल का वाहन गांव में बच्चों को छोडक़र वापिस आ रहा था और वहीं चबूतरे के पास खड़ा हो गया। बच्ची खेलते खेलते वाहन के नीचे चली गई और चालक की लापरवाही के कारण उसने वाहन के नीचे नहीं देखा और आगे बड़ा दिया। इस घटना में बच्ची वाहन के नीचे दब गई। इस घटना में बच्ची मन्नत सिंह पिता शैलेन्द्र सिंह की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी ग्राम लबेरा में दी गई। शाम को वहां से बच्ची के परिजन आए और पुलिस थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस मामले में दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि ग्राम रतनगुवां में एक वाहन के नीचे दबने से दो साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन को जप्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र सलेहा मे पदस्थ डॉक्टर अजय चौधरी को हटाये जाने क्षेत्र वासीयों ने सौपा ज्ञापन



ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले की गुनौर तहसील अनतर्गत सलेहा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मे विगत दस वर्ष से पदस्थ डॉक्टर अजय चौधरी के लापरवाह पूर्ण रवैया से क्षेत्रीय लोग परेशान है तथा उनके द्वारा रोगियो के साथ लगातार स्वास्थ उपचार मे लापरवाही बरती जा रही है। जिससे बिना मौत लोगो की जाने जा रही है। उक्त मामले को लेकर कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी को आवेदन दिया गया है। पूर्व में भी स्थानीय लोगो ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी से सलेहा भ्रमण के दौरान शिकायत की गई थी। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया तथा कुछ घटनाओं के संबंध मे भी बताया गया है रोशनी पाठक पति संजय पाठक को 7 अक्टूबर को स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया था। उपचार मे लापरवाही बरती गई तथा जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। लेकिन महिला की रस्ते मे ही मृत्यु हो गई। इसी प्रकार मझली ढीमर पति तुलसीदार ढीमर ग्राम लक्ष्मीपुर नचने की 8 अक्टूबर को डिलेंवरी होनी थी। उक्त डिलेवरी में भी लापरवाही बर्ती गई तथा बच्चा जिला चिकित्सालय मे आ कर उल्टा पैदा हुआ तथा उसकी मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार प्यारी बाई आदिवासी पति नरेन्द्र आदिवासी ग्राम बिलहा के इलाज मे भी लापरवाही बरती गई है। साधना रैकवार पति दीपक रैकवार ग्राम बंधोरा को पीएसी सलेहा से सतना रेफर किया गया। जिसका प्रसव 22 अगस्त 2023 को सतना अस्पताल में हुआ। उसके संबंध मे ममता कुशवाहा एएनएम नें अलग अलग जन्म प्रमाण पत्र जारी किये। इसी प्रकार ग्राम पिपरिया के रमेश लोधी अपनी बहु को अस्पताल लेकर गये थे। लापरवाही लगातार बरती गई तथा उक्त महिला का बच्चा बाथरूम मे पैदा हुआ। स्वास्थ केन्द्र सलेहा मे टीकाकरण मे भी लापरवाही बरती जा रही है। इसी प्रकार पूनम कोल पति संदीप कोल ग्राम नचने का प्रसव 26 सितम्बर को सलेहा स्वास्थ केन्द्र मे हुआ, बिना उपचार के उसी दिन छुट्टी कर दी गई जिससे महिला की दस दिन बाद मृत्यु हो गई। इस प्रकार सलेहा स्वास्थ केन्द्र मे पदस्थ डॉक्टर द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। स्थानीय लोगो ने तत्काल संबंधित डॉक्टर को सलेहा से हटाकर किसी अन्य डॉक्टर को पदस्थ करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालो में रामदीन चौरसिया, संतोष चौरसिया, हरीराम गर्ग, राम भुवन, तुलदीसाद, नन्नू, बिहारीलाल विश्वकर्मा, ललन, राजेश, महेन्द्र, सुनील आदि शामिल रहें।

# अपात्रो को मुआवजा दिये जाने को लेकर सौपा ज्ञापन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/ललितपुर सिंगरौली रेल्वे लाईन में किसानों की जमीन भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है लेकिन भूअर्जन की राशि कुछ ऐसे किसानों को दी जा रही है जिनका न तो भूमि पर कब्जा है और न ही उनकी जमीन अधिग्रहण की गई है। यह जमीन रेल्वे लाईन से काफी दूर है और इनका भूअर्जन में मुआवजा बनाया गया है जो नियम विरूद्ध है, उक्त मामले को लेकर स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपकर मामले की जांच कराने तथा पात्रो को मुआवजा देने एवं अपात्रो के नाम मुआवजा राशि से काटे जाने की मांग की है। दिये ग ये ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कटरा निवासी प्रागी गौड़ पिता भोटा गौड़ के नाम पर वर्ष 1989-90 में व्यवस्थापन आवंटन में बिना मौके जांच के पट्टा दे दिया गया। जबकि वर्ष 1984-85 में उक्त भूमि का पट्टा राम लखन पटेल को दिया गया था जिसका सीमांकन एवं तरमीम दिनांक 08.11.1986 को किया गया था। जिसका आराजी नंबर 1095/2ग है। पूर्व में 1095 का 21.431 हे0 है उसके पूर्व यह भूमि 137 हे0 लगभग थी जिसमें बंजर पहाड़ दर्ज है एवं वनभूमि है। नवीन राजस्व ग्राम कटरा बनने से गलत तरमीम की गई है जिसकी पुष्टि प्रागी पिता भोटा गौड़ दिये गये आवेदन से होती है। प्रागी गौड़ पिता भोटा को वर्ष 1989-90 में 0.05 हे0 जिसका नवीन नंबर 308 है, प्रागी को पुनः दिनांक 26.03.1992 में दोबारा नंबर 1095/2घ में 0.850 हे0 का पट्टा दिया गया। इस प्रकार दोबारा वर्ष 1999-2000 में पुनः 2.000 हे0 लगभग 5 एकड़ का पट्टा दोबारा दे दिया गया। प्रागी गौड़ का कभी कब्जा नहीं था इस बात की पुष्टि दिये गये आवेदन से होती है। नवीन ग्राम कटरा बनने के बाद से संयुक्त दल द्वारा संयुक्त निरीक्षण नहीं किया गया और मनमाने तरीके से जिन किसानों का कब्जा भी नहीं है तथा जिनकी भूमि रेल्वे ट्रेक से काफी दूर है फिर भी उनका भूमि व्यवस्थापन में दर्ज कर मुआवजा दिये जाने की योजना स्थानीय कर्मचारीयों द्वारा बनाई गई है। उक्त मामले में तत्कालीन पटवारी की भूमिका भी संदिग्ध है। संबंधित नें मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है तथा जो पात्र है उन्हे मुआवजा दिया जाये।

# श्रीमती किरन पान्डेय का दुःखद निधन



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/नगर पालिका परिषद के पार्षद ज्योती रवी पान्डेय की माता जी जिला पंचायत मे पदस्थ रहे रामभुवन पान्डेय की पत्नी श्रीमती किरन पान्डेय का दुखद निधन विगत 8 अक्टूबर को हो गया था। उनके निधन पर नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार ने गहन दुख व्यक्त करते हुए शोक श्रद्धाजलि अर्पित की है तथा ईश्वर से गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# प्रदेश में महिला अपराध को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा विधायको को सौपे ज्ञापन

## गुनौर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा क्षेत्रीय विधायक को सौपा ज्ञापन



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी व जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष शिवजीत सिंह के दिशा निर्देशन मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुनौर द्वारा क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौपकर प्रदेश में लगातार महिला एवं बालिकाओं के साथ बलात्कार, दुष्कर्म की घटनाए घटित हो रहीं है तथा प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई है, इसको लेकर तत्काल कार्यवाही की जाये। उक्त ज्ञापन ब्लाक अध्यक्ष अरूण बबलू गौतम के नेत्रत्व में सौपा गया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी रावेन्द्र सिंह मुन्ना राजा, ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्र नगर आनंद शुक्ला, भबूत सिंह राजपूत, ब्लाक अध्यक्ष अमानगंज, सेवालाल पटेल, राम बहादुर द्विवेदी, कुलदीप सिंह, रामकृष्ण चौरसिया, केशरी अहिरवार, तुलसी दास त्रिपाठी, रामाधार लोधी, धर्म राज, प्रमोद त्रिपाठी, रूप नारायण द्विवेदी, चंदन सिंह, गिरजा प्रसाद तिवारी, बलिराम त्रिपाठी, धूराम चौधरी, प्रमोद सिंह, उमेश गुप्ता, मनोज पांडेय, आशीष तिवारी, रविंद्र मिश्रा, मल्लारि कोरी, सुमेश् बर्मा, फेई लाल चौधरी, राम मिलन चौधरी, आदि।

# अवैध रूप से पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुनौर राम कुमार प्रजापति को हटाये जाने की मांग

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विकासखंड गुनौर में पदस्थ बीईओ राम कुमार प्रजापति जो सुन्दरा हाई स्कूल में पदस्थ है उनको तत्काल सुन्दरा हाईस्कूल के लिए कार्यमुक्त किये जाने की मांग स्थानीय अभीभावको द्वारा की गई है। क्योकि हाई स्कूल सुन्दरा की शैक्षणिक व्यवस्था चरमराई हुई है, क्योकि जब विद्यालय में प्राचार्य ही नहीं पंहुचेगा तो अन्य शिक्षक लापरवाही बरतेगें। यही हाल है कि राम कुमार प्रजापति गुनौर में अतिरिक्त रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी का कार्य देख रहे है। जिसके कारण सुन्दरा हाई स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था बिगड़ी हुई है तथा विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का भविष्य चौपट हो रहा है। ज्ञात हो कि श्री प्रजापति आहरण एवं संवितरण का कार्य नियम विरूद्ध कर रहे है। उन्हे तत्काल सुन्दरा के लिए भेजा जाये। स्थानीय लोगो ने तत्काल सुन्दरा मे ही पदस्थ करने की मांग की है।

# दो दिवसीय महादंगल प्रतियोगिता का आयोजन आज से

## अनेक प्रान्तो के पहलवान होगें शामिल

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/शरदपूर्णीमा के शुभ अवसर पर पन्ना जिला मुख्यालय में दो दिवसीय मल्य युद्ध कुस्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, उक्त कुस्ती प्रतियोगिता इतवारी बाजार छत्रसाल पार्क के बगल मे संपन्न होगी। प्रतियोगिता मे अनेक प्रान्तो के पहलवान शामिल होगें। जिसमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमांचल प्रदेश आदि 16 एवं 17 अक्टूबर को दोपहर 02 बजे से शांयकाल छह बजे तक उक्त प्रतियोगिता संपन्न होगी। उक्त महादंगल प्रतियोगिता में महिला पहलवान भी भाग ले रहे हैं। कमेटी द्वारा सभी नागरिको से कुस्ती का आनन्द लेने की अपील की है।




# सद्गुरु कबीर आश्रम सिमरा खुर्द में कार्यक्रम आज

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के पवई तहसील अन्तर्गत ग्राम सिमराखुर्द मे स्थित सद्गुरू कबीर आश्रम में दिनांक 16 अक्टूबर को अनेक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया है। आयोजन के संबंध में कमेटी के अध्यक्ष जवाहर लाल कुशवाहा नें बताया कि मंदिर परिषर में प्रवचन एवं महंती कार्यक्रम तथा भोजन प्रसाद, भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रवचन के लिए प्रमुख वक्ता महंत सनाथ साहिद रीवा मुख्य रूप से उपस्थित रहेगें। तत्पश्चात् भंडारा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न होगा। इसी दौरान मंदिर के नयें महंत का भी चयन किया जायेगा। मंदिर कमेटी नें आम लोगो से कार्यक्रम में भाग लेने तथा प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।



# मां दुर्गा के पंडालों में पहुंचे मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी





**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। जबेरा। जबेरा से विधायक श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मध्यप्रदेश शासन विधानसभा के ग्राम हिनौती आजम, झरौली, परस्वाहा, खेड़ार, शालीपटी, भाटखमरिया में मां दुर्गा के दर्शनों के लिए पहुंचे थे जहां आरती में सम्मिलित होकर मां की चरण वंदना की इस दौरान पहले उन्होंने क्षूला वादन किया और फिर स्वंय माइक लेकर मां की आरती करते



नजर आये। सभी को संबोधित करते हुए कहां कि अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है

अयं निज: परो वेति गणना लघुचेतसाम्!!

उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् !!

यह मेरा है, यह पराया है% जैसी गणना छोटे चित्त वाले लोग करते हैं. वहीं, उदार चित्त वाले लोग पूरे विश्व को ही अपना परिवार मानते हैं. सनातन धर्म का मूल संस्कार और विचारधारा है. इसका अर्थ है कि धरती ही परिवार है। सर्वे भवंतु सुखिना, यह हिंदू धर्म है जो कहता है सब सुखी हो।

# विश्व हिन्दू परिषद ने खुले में मांस की बिक्री को रोकने की मांग

## गौरिहार में जगह -जगह, मुख्य मार्गों में खुले में हो रही है मांस की बिक्री

**चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। प्रदेश सरकार आदेशानुसार स्थानीय जनपद सभागार में प्रति मंगलवार को आयोजित होने



वाली जनसुनवाई में 15 जुलाई को विश्व हिन्दू परिषद की गौरिहार इकाई पदाधिकारियों द्वारा एसडीएम बलवीर रमन को लिखित आवेदन सौंपकर कस्बे में आमजगहों में विभिन्न जीवों के मांस की खुलेआम हो रही बिक्री को रोकने की मांग की है।

गौरिहार निवासी युवा नेता हरिशंकर ऊर्फ राजा पटेल के नेतृत्व में दिए गए शिकायती पत्र में शिकायत कर्ताओं ने बताया कि हमारे गौरिहार कस्बा में बस स्टैंड, तहसील परिसर व विद्युत ऑफिस के पास ( अम्बेडकर कालोनी के सामने )के अलावा सरवई तिराहा जैसे ब्यस्ततम व आम जगहों एवं मुख्य मार्गों में खुले में जगह-जगह मछली, मुर्गा सहित अन्य जीवों का मांस संबंधित दूकानदारों द्वारा खुलेआम विक्रय किया जा रहा है।

हिन्दू संगठन के सदस्यों ने बताया कि गौरिहार में शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक हॉट बाजार से ठीक लगी हुई जगह में ही विभिन्न जीवों के मांस की बिक्री बीते कई वर्षो से वृहद रूप में की जा रही है। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक बाजार में सब्जी, सौंदर्य प्रसाधन आदि अन्य जरुरी सामग्री की खरीदादारी करने के लिए हमारी माताओं - बहनों को आना -जाना पड़ता है। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि स्थानीय बस स्टैंड, शासकीय कार्यालयों एवं मुख्य सड़क के किनारे खुलेआम मांस की बिक्री होने के कारण दुर्गन्ध की वजह से जहाँ विपरीत माहौल निर्मित होता है।वहीं शनिवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक हॉट बाजार में बड़ी मात्रा में मांस बिकने से हम हिंदू समाज के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं।

***मुख्यमंत्री के प्रतिबंध का नहीं हो रहा पालन***

गौरतलब है कि भाजपा सरकार की मंशानुरूप प्रदेश के लोकप्रिय मुखुतामंत्री मोहन सिंह यादव ने भी पूर्व में सम्पूर्ण प्रदेश भर में खुले में मांस की बिक्री को प्रतिबंधित करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को उक्त प्रतिबंध का कड़ाई से पालन करने व कराने के सख्त निर्देश दिए थे। इस मामले में मजेदार पहलू यह है कि गौरिहार कस्बे में स्थानीय जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा जारी किए गए प्रतिबंधित संबंधी आदेश का खुलेआम माखौल उड़ाया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप यहाँ पर आमजगह मेंसंबंधित दुकानदारों द्वारा खुलेआम, खुले में मांस की बिक्री की जा रही है।

गौरिहार निवासी युवा नेता हरिशंकर ऊर्फ राजा पटेल के नेतृत्व में दिए गए शिकायती पत्र के माध्यम से वरिष्ठ समाजसेवी संतोष नायक,अश्वनी पटेल, रामचरण विश्वकर्मा, कल्याण सिंह यादव,रविकरण पाल,निर्भय तिवारी,उत्तम सिंह राजपूत, चन्द्रसिंह राजपूत, सत्येंद्र बाजपेई व रामलखन विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्यों ने एसडीएम बलवीर रमन से आग्रह किया है कि क़स्बा में जगह जगह मुख्य मार्ग पर शासकीय कार्यालयों के पास और साप्ताहिक हॉट बाजार में खुले में खुलेआम हो रही विभिन्न जीवों कर मांस की बिक्री को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाए। हिन्दू संगठन से आगाह करते हुए स्थानीय प्रशासन को चेताया है कि अन्यथा की स्थिति में बजरंग दल सहित समस्त स्थानीय हिन्दू समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भी स्थानीय शासन प्रशासन की होगी।

# शहर के विकास के लिए सरकार करोड़ों का बजट दे रही है, भाजपा सरकार में शहर के हर वार्ड में करोड़ों के विकास कार्य किए गए हैं- विधायक निर्मला सप्रे

**-वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद टंकियों के निर्माण के साथ पाइप लाइन डालने का काम शुरू हो गया है-लता सकवार**

**-विधायक निर्मला सप्रे ने किया भूमि पूजन**

**-बीना में हर घर के कोने कोने तक पहुंचेगा पीने का पानी**

**-अब नल जल योजना में 9.76 करोड़ की लागत से 6 टंकियां बनेंगी**



परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना में हर घर के कोने कोने तक पहुंचेगा पीने का पानी: अब नल जल योजना में 9.76 करोड़ की लागत से 6 टंकियां बनेंगी,विधायक निर्मला सप्रे ने किया भूमि पूजन। गौरतलब है कि जिले के अमृत 2.0 मिशन के तहत 9.76 करोड़ की लागत से पानी की 6 टंकियों का निर्माण किया जाना है। साथ ही शहर के 25 वार्डों में पानी पहुंचाने के लिए 32 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन डाली जाएगी।विधायक निर्मला सप्रे, नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार ने नानक वार्ड की उज्जवल विहार कॉलोनी में टंकी निर्माण का किया भूमि पूजन। उल्लेखनीय है कि बीना के नानक वार्ड की उज्जवल विहार कॉलोनी में 7 लाख लीटर क्षमता की टंकी निर्माण का भूमि पूजन करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि शहर के विकास के लिए सरकार करोड़ों का बजट दे रही है। भाजपा सरकार में शहर के हर वार्ड में करोड़ों के विकास कार्य किए गए हैं।

जल सप्लाई के लिए शहर में छह पानी की टंकियों का निर्माण होने और 32 किलो मीटर पाइप लाइन डलने से हर घर पीने का शुद्ध पानी पहुंचेगा। नपा अध्यक्ष लता सकवार ने कहा- शहर के कई वार्ड में पानी की पाइप लाइन नहीं है। जनता पानी के लिए परेशान होती है। ऐसी जगहों का सर्वे कराकर ऐस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया था। राशि स्वीकृत होने के साथ ही टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद टंकियों के निर्माण के साथ पाइप लाइन डालने का काम शुरू हो गया है। भूमि पूजन के दौरान मंडल अध्यक्ष शुभम तिवारी, उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, पार्षद बीडी रजक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

***इस दौरान यह सब रहे मौजूद***

इस अवसर पर पार्षद जितेंद्र बोहरे, संतोष राय, गौरीशंकर राय, भारती राय, मधुलिका यादव, अजय ठाकुर, प्रह्लाद यादव, अशोक राय, नवीन साहू, कैलाश कुशवाहा, हरिओम चौबे सहित बड़ी संख्या में वार्ड के लोग उपस्थित थे।

# बीना से एक साथ तीन छात्राएं हुई गायब

## स्टूडेंट्स स्कूल जाने निकली थीं, एक लड़की घर से गायब

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना से एक साथ तीन छात्राएं हुई गायब स्टूडेंट्स स्कूल जाने निकली थीं, एक लड़की घर से गायब।मिली जानकारी के अनुसार बीना के एक वार्ड से एक ही दिन में तीन छात्राओं के गायब होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर तीनों लड़कियों की तलाश करना शुरू कर दिया है। शहर के एक ही वार्ड में रहने वाली अलग-अलग परिवार की तीन छात्राएं गायब हो गई हैं। जिनमें से दो छात्राएं खिमलासा रोड स्थित स्कूल में पढ़ने के लिए ऑटो से निकली थीं, जो ऑटो में सर्वोदय चौराहा तक जाती हुई दिखीं। लेकिन



इसके बाद कैमरा खराब होने के कारण उनकी कोई जानकारी नहीं लग सकी। एक 17 वर्षीय छात्रा है जो 11 वीं में पढ़ती है। वहीं दूसरी 15 वर्षीय छात्रा है, जो 10वीं कक्षा में पढ़ती है। ये एक ही वार्ड में आस पड़ोस में रहती हैं। वहीं तीसरी 15 वर्षीय छात्रा 8वीं कक्षा में कच्चा रोड स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ती है। वह सोमवार को स्कूल नहीं गई थी। लेकिन अचानक घर से गायब हो गई। एक ही दिन में तीन छात्राएं गायब होने से शहर में हड़कंप मच गया है।

***इनका कहना है***

टीम गठित कर अलग-अलग जगहों पर रवाना की गई है।

***थाना प्रभारी अनूप यादव***

# मुडारा बायपास मार्ग के साथ-साथ रेलवे स्टेशन से तिगेला तक के डिवाइडर का अधर में लटका काम





**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। टीकमगढ़ की ओर से आने वाले भारी वाहनों को शहर में प्रवेश न करते हुए सीधा राष्ट्रीय राजमार्ग पर निकलने के लिए ग्राम चुरारा से ग्राम मुडारा तक के बायपास मार्ग का निर्माण पिछले लगभग तीन वर्षों से चल रहा है तथा वर्तमान में मुआवजा राशि, अतिक्रमण और तालाब के बांध के चलते काम पिछले काफी समय से रुका हुआ है। इसी तरह स्टेशन से लेकर तिगेला तक डिवाइडर के निर्माण का कार्य भी अनुबंध ना होने की वजह से अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। रेलवे स्टेशन से ग्राम चुरारा होते हुए ग्राम मुडारा पर राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़कर बायपास मार्ग का निर्माण कार्य लगभग 12 करोड़ 8 लाख 58 हजार रुपए की लागत से किया जा रहा है जो पिछले लगभग तीन वर्षों से चल रहा है। ग्राम चुरारा से मुड़ारा तक के लगभग 5.4 किलोमीटर लंबाई वाले बायपास मार्ग का निर्माण कार्य सन 2022-23 में प्रारंभ हुआ था तथा 14 महीने की अवधि में पूर्ण होना था और आज लगभग तीन वर्ष से भी अधिक का समय हो रहा है लेकिन बायपास मार्ग के निर्माण का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है। ग्राम चुरारा से मुडारा तक निर्माणाधीन चल रहे बाईपास मार्ग लगभग 5.4 किलोमीटर लंबाई का है जिसका निर्माण 12 करोड़ 8 लाख 58 हजार की लागत से होना था लेकिन अब मुआवजा राशि का निर्धारण नही होने मार्ग के बीच में आ रहे कई धार्मिक स्थल तथा अतिक्रमण एवं तालाब पर बने बांध के चलते बायपास मार्ग के निर्माण में हो रही देरी से अब लागत भी बहुत अधिक बढ़ जानें और प्रशासन द्वारा अभी तक मुआवजे का भी निर्धारण नहीं किया गया जिसके चलते निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है। जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि ग्राम चुरारा से मुडारा तक निर्माणाधीन चल रहे बायपास मार्ग के निर्माण में सिंचित और असिंचित भूमि का सीमांकन नहीं होने से मुआवजा राशि निश्चित नहीं हो पा रही है तथा ग्राम मुंडारा के नजदीक बायपास मार्ग निर्माण स्थल के पास ही कई धार्मिक स्थल भी निर्मित है जिनको हटाने के लिए ग्रामीण जन तैयार नहीं हो रहे हैं इसके साथ-साथ कई जगह अतिक्रमण भी है जिसको आज तक नहीं हटाया जा सका है और बायपास मार्ग के निर्माण की लागत में तालाब पर बने बांध की भराई का एस्टीमेट नहीं बनाया गया था लेकिन अब बायपास मार्ग निर्माण के बीच में मुंडारा स्थित तालाब के बांध पर होने वाली भराई को भी एस्टीमेट में शामिल किया गया है जिसके चलते बायपास मार्ग निर्माण की लागत राशि बहुत अधिक हो जाने से निर्माण कार्य रुका हुआ है। और यही हाल डिवाइडर का भी है जिसकी स्वीकृति के बाद भी आज तक डिवाइडर के निर्माण का काम प्रारंभ नहीं हो सका है जिसके संबंध में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि पहले सड़क की चौड़ाई 5.6 मीटर थी जिसको फिर 7 मीटर किया गया और 4 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से लगभग 4.2 किलोमीटर लंबे डिवाइडर के निर्माण का कार्य प्रारंभ किए जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी की गई लेकिन सड़क चौड़ीकरण का अनुबंध संबंधित ठेकेदार के साथ प्रक्रियाधीन होने के चलते अभी तक डिवाइडर के निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है और शीघ्र ही संबंधित ठेकेदार के साथ अनुबंध प्रक्रिया पूर्ण कर डिवाइडर के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती के लिए बनी रूपरेखा



परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय पर स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय में आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्य प्रदेश के संगठन सह प्रभारी चंदन सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में कांग्रेस की जिला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संगठन को मजबूत करने के लिए रूपरेखा बनाई गई तथा संगठन में जो भी पदाधिकारी निष्क्रिय हैं उनके स्थान पर नई नियुक्ति किए जाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश सिंह दांगी अमित राय श्री नारायण रिछारिया मनोहर सिंह यादव नरेंद्र खरे संतोष शर्मा प्रदीप यादव राजेश यादव चंद्रपाल सिंह परमार कृष्णकांत त्रिवेदी महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती संपत चौधरी हबीब खान रत्नेश द्विवेदी पुष्पेंद्र दांगी रमेश निराला मनोज दांगी आनंदी पाल हेमन्त समेले बलबीर कमरिया समीर तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए गए मैं हूं अभिमन्यु अभियान का हुआ समापन

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। पुलिस मुख्यालय द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ निवाड़ी जिले में पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर के निर्देशन में संपूर्ण जिले में महिला संबंधी अपराधों में कमी लाने के लिए मैं हूं अभियान का शुभारंभ दिनांक 3 अक्टूबर को शासकीय महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं की उपस्थिति में किया गया था इसके साथ-साथ दिनांक 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक संपूर्ण जिले में चलाए गए मैं हूं अभिमन्यु अभियान के तहत महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा नवदुर्गा उत्सव के दौरान दुर्गा माता पंडाल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें मंदिरों में बालिकाओं को व्यापारियों को महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध में, पोक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी गई। मैं हूं अभिमन्यु अभियान के समापन पर जिला मुख्यालय पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें बालकों को बालिकाओं के प्रति सम्मान आदर की भावना बनाए रखने का संदेश दिया गया। लगभग 10 दिन तक चले मैं हूं अभिमन्यु अभियान के तहत संपूर्ण जिले में महिलाओं पुरुषों बालको बालिकाओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूक करने का प्रयास किया गया इसके साथ-साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारी को महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए मैं हूं अभिमन्यु अभियान का समापन किया गया।

# सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने हेतु भाजपा की जिला बैठक संपन्न

## मंचा सीन अतिथियों द्वारा बताया गया कि पार्टी के दायित्व पर रहने हेतु सक्रिय सदस्य बनना जरूरी




छतरपुर 14 अक्टूबर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशन पर आज जिला कर्यालय में सदस्यता का लक्ष्य पूरा करने हेतु भाजपा की जिला बैठक संपन्न हुई। बैठक मे मुख्य वक्ता जयप्रकाश चतुर्वेदी प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी प्रभु दयाल कुशवाहा जिला अध्यक्ष चन्द्र भान सिंह गौतम राजनगर विधायक अरविन्द पटेरिया पूर्व जिला अध्यक्ष सक्रिय सदस्यता टोली के सदस्य मलखान सिंह सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी सुरेन्द्र चौरसिया प्रदेश कार्य समिति सदस्य ब्रजेश चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता जयप्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को यदि पार्टी में किसी ने किसी पद पर रहना है तो सक्रिय सदस्य होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा सक्रिय सदस्य हेत संगठन एप के माध्यम से 100 सदस्य ऑन लाइन बनाना है नेट वर्क ना होने पर सदस्यता फार्म भरकर सदस्यता ग्रहण की जा सकती है।

प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से जिला भाजपा ने 229000 सदस्य बनाए हैं जिसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आप लोगों ने मेहनत से अभी तक कार्य किया है इस तरह मेहनत करते रहें तो हम लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। राजनगर विधायक अरविंद



पटेरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक बूथ पर हमारा कर्यकर्ता सक्रिय होकर मेहनत कर रहा है मुझे पूरा विश्वास है पार्टी द्वारा दिया गया लक्ष्य पूरा होगा। संचालन जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौरसिया ने एवं जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मोनू यादव ने आभार व्यक्त किया। बैठक में जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान की टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

# म.प्र. प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन में जन प्रतिनिधियों, आमजनों की राय जरूरी- सदस्य मनोज श्रीवास्तव

**-पुनर्गठन में नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए, जीपीएस एवं गूगल मैप का भी प्रयोग करने के निर्देश**

**-जिलों से परिसीमन का भेजा जाएगा प्रस्ताव**




छतरपुर। मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन में जन प्रतिनिधियों, आमजनों की राय सुमारी करके ही प्रस्ताव तैयार करें एवं पुनर्गठन में नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही पुनर्गठन करते समय जीपीएस एवं गूगल मैप का भी प्रयोग करें। उक्त निर्देश परिसीमन के लिए गठित मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश मनोज श्रीवास्तव ने मंगलवार को सागर में सम्पन्न हुई संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। छतरपुर जिले के कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से व्ही.सी. के माध्यम से कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम अखिल राठौर, एसएलआर आदित्य सौनकिया जुड़े रहे।

आयोग के सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने सागर संभाग की समीक्षा में निर्देश दिए की किसी भी जिले, तहसील, विकासखंड, ग्राम, नगरीय निकाय के पुनर्गठन में विशेष रूप से जन प्रतिनिधियों, आमजन, सामाजिक संगठन, ग्रामीण व्यक्ति, किसान, स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी सदस्यों से चर्चा करें। तदुपरांत ही आगे की कार्रवाई करें।

श्री श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि पुनर्गठन के दौरान सीमांकन करते समय जीपीएस एवं गूगल मैप का भी प्रयोग करें जिससे कि वस्तु की स्थिति एवं दूरी ज्ञात हो सके। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द प्रस्ताव तैयार कर संभाग कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत करें जिससे कि संभाग कमिश्नर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित कर सकें और शासन की मंशानुसार कार्रवाई की जा सके। उन्होंने युक्तियुक्तकरण पर बताया कि मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग अपना कार्य कर रहा है और उसके अंतर्गत नागरिकों से अपेक्षा है कि लोग अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दें और प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन में संभागीय इकाई, जिला, वन विभाग, तहसील, ब्लॉक जो भी इकाइयां आती हैं, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सोशल वर्कर्स, एनजीओ के एडमिनिस्ट्रेटिव आदि सभी से इस विषय पर राय लेनी है, पब्लिक हियरिंग करनी है। इसके अलावा जो आयोग की वेबसाइट, पोर्टल बनने जा रहा है इसके माध्यम से भी लोगों से सुझाव लेंगे।

सदस्य श्री श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे यहां लोक और तंत्र के बीच की जो दूरी है इसके चलते लोगों को कीमत चुकानी पड़ती है। जिससे उनका समय, ऊर्जा और धन सब में इसके प्रभाव पड़ते हैं। इसका कैसे हम ऑप्टिमाइजेशन कर सके एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिट और ऑर्गनाइजेशन के जरिए जो एक कोशिश की जा रही है इसी के तहत सभी लोग अपने-अपने अनुभव और अपने-अपने पक्ष को पूरे तर्कों के साथ प्रस्तुत करें ताकि युक्तियुक्तकरण का काम जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि राज्य शासन, एतद् द्वारा, राज्य की प्रशासनिक इकाईयों यथा संभाग, जिला, उपखण्ड, तहसील एवं जनपद/विकासखंड के परिसीमन (सृजन एवं सीमाओं में परिवर्तन) एवं युक्तियुक्तकरण के लिये मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग गठित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्तमान संभाग, जिला, तहसील एवं जनपद या विकासखण्ड प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के संबंध में अनुशंसाएँ, भविष्य में नवीन प्रशासनिक इकाइयों के गठन हेतु मार्गदर्शी सिद्धान्तों के संबंध में अनुशंसाएँ, प्रशासनिक इकाईयों की पद संरचना एवं उनके आकार एवं कार्यों के अनुपात में पदों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासनिक इकाईयों की पदीय संरचना के युक्तियुक्तकरण की अनुशंसाएँ, प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन हेतु संबंधित जिलों का भ्रमण कर सुझाव प्राप्त करना एवं प्रशासनिक इकाईयों की दक्षता बढ़ाने हेतु अन्य अनुशंसाएँ। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि आयोग तीन सदस्यीय होगा, इनमें से एक सदस्य आयोग का अध्यक्ष होगा। उन्होंने बताया कि यह आम जनता की जरूरत के हिसाब से संभाग, जिला, तहसील एवं विकासखंड की सीमाओं में परिवर्तन का खांका तैयार करेगा जिसमें प्रदेश में वर्तमान जिलों की संख्या घट बढ़ सकती है। आयोग के द्वारा भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जनता को आसानी से प्रशासनिक सेवाएं देने के लिए वर्तमान संभाग, जिला, तहसील और जनपद, विकासखंडों पर सुझाव लिए जाएंगे, भविष्य में नई प्रशासनिक इकाइयाँ बनाने पर विचार किया जाएगा।

# कलेक्टर ने दिव्यांगों की समस्याओं को अलग से सुना

**-जिला स्तरीय जनसुनवाई में 85 आवेदनों पर हुई सुनवाई**

**-कलेक्टर ने अधिकारियों को आवेदनों पर गंभीरता और प्राथमिकता से कार्यवाही के दिए निर्देश**



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित एसडीएम एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे एवं व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त 85 आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतें और प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर ने दिव्यांगों की समस्याओं को अलग से सुना। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

## 11केवी की लाइन में अचानक लगी आग, मचा हड़कंप

हरपालपुर। नगर के गलान रोड पर वार्ड नंबर 12 में सोमवार की रात लगभग 8 बजे के आसपास विद्युत की 11केवी की लाइन में अचानक आग लग जाने से आसपास व मोहल्ले के लोगों में हड़कंप मच गया। विद्युत केबिल में आग लगने का कारण पता नही लग पाया। विगत दिनों पहले इसी मोहल्ले में अज्ञात कारणों से पटाखा गोदाम में आग लग जाने से लोगों के जहन से डर गया ही नही था और आज विद्युत केबिल में आग लग जाने से एक बार फिर लोग डर से सहम उठे। विद्युत केबिल में काफी देर तक आग की लपटें दूर दूर तक दिखाई देती रहीं। वार्डवासियों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर सवाल खड़े किए हैं।



# पुलिस को भ्रमित करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

छतरपुर। थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत 13 अक्टूबर की रात्रि डायल 100 इवेंट आया, पुलिस नियमित रूप से संबंधित स्थान पर गई। डायल 100 इवेंट महिला संबंधी अपराध (तथाकथित) का था, थाना सिविल लाइन पुलिस टीम कार्यवाही में जुट गई। कॉलर ने नाटकीय रूप से कॉल करके रेलवे स्टेशन में रिश्तेदार लड़की का दो लोगों द्वारा ले जाने एवं जबरदस्ती संबंधी शिकायत दर्ज कराई गई थी साथ ही एक ऑडियो क्लिप भी भेजी गई जिसमें एक लड़की एवं दो आरोपियों की आवाज (जो बनावटी थी) प्रतिरूपण किया गया था। विभिन्न स्थानों में जाकर संपूर्ण जानकारी एकत्रित की गई। एकत्रित जानकारी के अनुसार सामने आया कि राजेंद्र अहिरवार द्वारा महिला संबंधी झूठी शिकायत के प्रयोजन से अपने साथियों के साथ मिलकर कॉल करके डायल हंड्रेड इवेंट लिया गया था, साथ मिलकर ऑडियो बनाया, पुलिस को भेजा। पुलिस को भ्रमित कर परेशान किया गया था।



उक्त पांचो आरोपियों राजेंद्र अहिरवार पिता जयराम अहिरवार निवासी बच्चा जेल के पास, रवि अहिरवार पिता जयराम अहिरवार निवासी बच्चा जेल के पास, इंद्रजीत अहिरवार पिता द्वारका अहिरवार निवासी ग्राम उमरा थाना चंदला हाल ग्राम मौराहा थाना सिविल लाइन, राममिलन अहिरवार पिता लखन अहिरवार निवासी ग्राम मौराहा थाना सिविल लाइन एवं देशराज पटेल के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की गई शेष आरोपी देशराज पटेल की तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, आरक्षक राजकिशोर साहू, डायल 100 पायलट फहीम, पुलिस कंट्रोल रूम छतरपुर की मुख्य भूमिका रही।

## डीआईजी ललित शाक्यवार एवं ... प्रथम पृष्ठ का शेष-

में अध्यनरत विद्यार्थियों में तीन विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता प्राप्त की। दिल्ली पुलिस, निधि संचनालय एवं पटवारी पद पर चयन हुआ था। अन्य छात्र-छात्रा भी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुवे है। आवश्यकता अनुसार दिशा लर्निंग सेंटर के विस्तारीकरण हेतु अतिरिक्त कक्ष का नवीनीकरण कराया गया।

आज पुलिस लाइन परिसर में दिशा लर्निंग सेंटर के कक्ष क्रमांक 2 के शुभारंभ के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पुलिस परिवार के लोग, दिशा लर्निंग सेंटर में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद कर शैक्षणिक स्थिति जानी, नियमित रूप से, ईमानदारी व अनुशासन से अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं को यूपीएससी परीक्षाओं में अध्ययन हेतु पुस्तक भी प्रदान की। उन्नति करें और पुलिस परिवार का नाम रोशन करें, प्रेरित किया। दिशा लर्निंग सेंटर के कक्ष क्रमांक 2 का फीता काटकर शुभारंभ किया एवं कक्ष की सुविधाओं व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, छात्र-छात्राओं से वार्ता की और संबंधित को निर्देश दिए।

आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, एडीपीओ केके गौतम, रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, यातायात निरीक्षक बृहस्पति साकेत, थाना सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, सूबेदार प्रभा सिलावट एवं संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321